# जिन जिलों में कांग्रेस मजबूत, वहीं मुख्यमंत्री के दौरे होंगे!

## मुख्यमंत्री के दौरे में सिर्फ तीन जिले ऐसे, जहां वर्ष 2018 में कांग्रेस की हालत बेहद खराब रही

■ **हालांकि मुख्यमंत्री के दौरे के बावजूद क्या कांग्रेस फिर इन जिलों में मजबूत रहेगी, यह देखना भी रोमांचक होगा**

**जयपुर**, (का.प्र.)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बुधवार से 20 जिलों के दौर शुरू कर दिए हैं। पहले दिन उन्होंने जयपुर जिले की चौमूं, सीकर जिले की दातारामगढ़ स्थित खाटूश्यामजी और चुरू जिले में सुजानगढ़ की सालासर क्षेत्र में अपने दौरे की शुरुआत की। वहीं अब मुख्यमंत्री गुरुवार से बाकी जिलों का दौर शुरू करेंगे।

दरअसल पहले प्रदेश कांग्रेस की ओर से तय किया गया था कि 25 से 29 सितंबर तक ईआरसीपी की मांग को लेकर 13 जिलों की यात्रा निकाली जाएगी, जिसमें मंत्री-विधायक शामिल होंगे, लेकिन पूर्वी राजस्थान में कांग्रेस के मंत्री-विधायकों का सार्वजनिक विरोध तेज होता देखकर इस यात्रा को रद्द कर दिया गया। उसके बाद में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का 20 जिलों का दौरा तय किया गया, जो 27 सितंबर से 7 अक्टूबर तक पूरा होना है।

दरअसल इस दौर में मुख्यमंत्री ने उन जिलों को चुना है जहां कांग्रेस पहले से अच्छी स्थिति में है। यानी कि जयपुर जिले में कांग्रेस के पास 12 सीटें हैं, वहीं दो निर्दलीय भी कांग्रेस समर्थित है। ऐसे में जयपुर जिले को मुख्यमंत्री के दौरे के लिए चुना गया है। वही सीकर जिले में कांग्रेस के पास सभी सीट हैं। ऐसे में पहले दिन सीकर जिले का दौरा तय किया गया है, जहां मुख्यमंत्री ने खाटूश्यामजी के दर्शन किए। वहीं चुरू जिले में भी कांग्रेस के पास अधिकांश सीट हैं। इसलिए मुख्यमंत्री के दौरे के पहले दिन चुरू जिले में सालासर बालाजी धाम देवदर्शन का कार्यक्रम रखा गया।

अलावा भी मुख्यमंत्री ने जिन जिलों में दौरे रखे हैं, उनमें बीकानेर, गंगानगर, हनुमानगढ़, नागौर, जोधपुर, बाड़मेर, जैसलमेर, उदयपुर, राजसमंद, डूंगरपुर, बांसवाड़ा, चित्तौड़गढ़, सिरोही, जालौर और पाली शामिल हैं। इनमें से सिरोही, जालौर और पाली को छोड़ दे, तो बाकी सभी जिलों में कांग्रेस की स्थिति अच्छी रहती है। हालांकि पिछले चुनाव में डूंगरपुर-बांसवाड़ा में पार्टी को ज्यादा सफलता नहीं मिली थी और बीटीपी ने पार्टी को नुकसान पहुंचाया था।

दूसरी ओर चर्चा यह भी है कि जिस तरह से कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने यह कहा कि मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ हम जीतेंगे। तेलंगाना भी जीतने जा रहे हैं, लेकिन राजस्थान में मुकाबला नजदीकी रहेगा। हालांकि इस बात पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा हम जीतेंगे और बहुमत लेकर आएंगे। मुख्यमंत्री ने राहुल गांधी के बयान को लेकर चैलेंज स्वीकार करने के बजाय खुद चैलेंज दे दिया है। ऐसे में अब खुद मुख्यमंत्री पर यह भार है कि वह किसी भी स्थिति में राहुल गांधी की कई बात को झूठा साबित करें और पार्टी को जीत दिलवाएं। यही कारण है मुख्यमंत्री है अपने दौरों के लिए उन दौरों को चुना है जहां पहले से ही पार्टी मजबूत बनी हुई है। हालांकि मुख्यमंत्री के दौरे के बावजूद कांग्रेस फिर इन जिलों में मजबूत रहेगी, यह देखना भी रोमांचक होगा।

# नेक्सा एवरग्रीन धोलेरा ग्रुप ने की 205 करोड़ रुपये की जी. एस. टी. चोरी

## आमजन को अच्छे रिटर्न का झांसा देकर 2700 करोड़ रु. निवेश करवाकर धोखाधड़ी की इस ग्रुप ने

■ **जी.एस.टी. विभाग की जांच में सामने आया कि ग्रुप ने करीब 1000 करोड़ रु. धोखाधड़ी में शामिल एजेंट्स को कमीशन व बोनस बांटा**

■ **जी.एस.टी. विभाग को जांच में इस ग्रुप द्वारा 1140 करोड़ रुपये की जीएसटी दायरे में आने वाली अघोषित आय का पता चला जिलों में मजबूत रहेगी, यह देखना भी रोमांचक होगा**

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर**। सीकर के नेक्सा एवरग्रीन धोलेरा ग्रुप ने आमजन से करीब 2700 करोड़ रुपये प्रॉपर्टी व अन्य जगहों पर निवेश के नाम पर हड़प लिए थे। अब केन्द्रीय वस्तु एवं सेवाकर (जी.एस.टी.) विभाग ने भी इस ग्रुप की 205 करोड़ रुपये की टैक्स चोरी पकड़ी है। साथ ही जीएसटी विभाग को जांच में इस ग्रुप द्वारा 1140 करोड़ रुपये की जीएसटी दायरे में आने वाली अघोषित आय का पता भी चला है।

केन्द्रीय वस्तु एवं सेवाकर आयुक्तालय अलवर के प्रधान आयुक्त जयप्रकाश सिंह ने बताया कि नेक्सा एवरग्रीन धोलेरा ग्रुप द्वारा 2700 करोड़ रुपये आमजन से निवेश के नाम पर हड़पने के मामले सूचना मिलते ही अपर आयुक्त बसंत गढ़वाल के नेतृत्व में जांच शुरू करवाई।

जी.एस.टी. विभाग की जांच में सामने आया कि इस ग्रुप ने लोगों को लोक लुभावन सपने दिखाकर उनसे जमीन व अन्य जगहों पर रकम निवेश करवाई और अच्छे रिटर्न का झांसा देकर रकम हड़प ली। कंपनी ने लोगों को फंसाने के लिए बतौर एजेंट्स काम करने वाले लोगों को 1 हजार करोड़ रुपये का कमीशन और बोनस तक बांट दिया। इस ग्रुप ने राजस्थान, गुजरात और दिल्ली में करीब 30 जी.एस.टी. फर्म बनाकर निवेश करवाया, लेकिन जी.एस.टी. विभाग को कोई टैक्स जमा नहीं कराया।

गत 25 सितंबर को सीजीएसटी आयुक्तालय जयपुर के अधिकारियों के साथ नेक्सा एवरग्रीन धोलेरा ग्रुप से जुड़े लोगों के ठिकानों पर जांच की गई। जिसमें अभी तक सामने आया कि करीब 2700 करोड़ रुपये नेक्सा एवरग्रीन धोलेरा ग्रुप सीकर में लोगों द्वारा निवेश किए गए। इस ग्रुप ने 5 प्रतिशत प्रशासनिक शुल्क के रूप में 140 करोड़ रुपये वसूल किए। जी.एस.टी. विभाग की अब तक की जांच में इस ग्रुप की करीब 1140 करोड़ रुपये की जीएसटी दायरे वाली अघोषित आय के बारे में मालूम चला है, जिस पर करीब 205 करोड़ रुपये की जीएसटी चोरी इस ग्रुप द्वारा की गई है। केन्द्रीय वस्तु एवं सेवाकर आयुक्तालय अलवर द्वारा इस मामले की गहनता से जांच की जा रही है।

# 'गहलोत के वश में हो तो केंद्रीय मंत्रियों के आने पर बैन लगा दें'

**जयपुर**। केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने मुख्यमंत्री पर निशाना साधते हुए कहा कि अशोक गहलोत के वश में हो तो केंद्रीय मंत्रियों के आने पर बैन लगा दें। बाड़ेबंदी की तो उन्हें आदत है।

बुधवार को मुख्यमंत्री गहलोत के उपराष्ट्रपति के राजस्थान दौरों पर सवाल उठाने पर शेखावत ने कहा कि अशोक गहलोत हार से डरे हुए हैं। उन्हें उपराष्ट्रपति का राज्य में आगमन भी खटक रहा है। केंद्र से तो वैसे ही उन्होंने तकरीबन सारे संबंध काट लिए हैं। एक मुख्यमंत्री की गरिमा के अनुरूप गहलोत बहुत हल्की बातें करते हैं। अब क्या कांग्रेस राजस्थान आने के लिए वीजा देगी? वहीं, कर्मचारियों के भुगतान रुकने की खबरों पर शेखावत ने तंज कसा कि कौन कहता है कि जनता को राहत न दो? लेकिन साढ़े चार साल सोने के बाद चुनावी लाभ के लिए सफेद हाथी जैसी इतनी घोषणाएं कर दो कि कर्मचारियों को भुगतान का संकट हो जाए, क्या ये अन्याय नहीं है?

# जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल में होगा प्राचीनता व नवीनता का अद्भुत संगम

## फेस्टिवल का आयोजन एक से पांच फरवरी तक होगा

■ **25 वक्ताओं की पहली सूची जारी की**



आनंद नीलकांतन



मृदुला गर्ग

**जयपुर**, (का.सं.)। आइकोनिक जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल 2024 एक बार फिर अपने श्रोताओं का स्वागत करने के लिए तैयार है। विचारों और चर्चाओं के ये मंच हर साल देश और दुनिया के श्रेष्ठ वक्ताओं को विविध विषयों पर अपने विचार व्यक्त करने के लिए आमंत्रित करता है। वर्ष 2024 में इस आइकोनिक फेस्टिवल के 17 साल पूरे होने जा रहे हैं। आज टीमवर्क आर्ट्स ने, धरती के सबसे बड़े साहित्यिक शो के 17वें संस्करण की तारीखों की घोषणा की। ये फेस्टिवल 2024 में होटल क्लार्क्स, आमेर, जयपुर में 1 से 5 फरवरी को आयोजित किया जाएगा।

2024 में विविध भारतीय भाषाएं वैश्विक मंच पर अपनी कहानी, अपनी संस्कृति को बयां करेंगी। फेस्टिवल में असमी, हिन्दी, कन्नड़, कश्मीरी, मलयालम, मराठी, उड़िया, पंजाबी, तमिल, उर्दू सहित कई अन्य भाषाओँ की उपस्थिति रहेगी।

साहित्य आज विविधता को अपनाकर, उभरते माध्यमों के अनुरूप खुद को ढालते हुए, गंभीर सामाजिक मुद्दों पर बात कर रहा है। आधुनिक साहित्य प्राचीनता और नवीनता के मध्य एक पुल बना रहा है।

जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल में आमंत्रित वक्ता समकालीन समाज की जटिलताओं और चुनौतियों पर अपने विचार रखेंगे। हर साल की तरह, इस साल भी फेस्टिवल अपने मूल आदर्श के प्रति दृढ़ है: एक ऐसा लोकतान्त्रिक मंच प्रस्तुत करना, जहाँ हर कोई अपनी बात रखने के लिए स्वतंत्र हो। पांच दिवसीय इस फेस्टिवल में, 4 वेन्यु पर, 300 से अधिक वक्ता अपने विचार व्यक्त करेंगे।

25 वक्ताओं की लिस्ट आज जारी की गई, जिसमें शामिल हैं भारतीय लेखक, स्तंभकार, स्क्रीनराइटर, टेलीविजन पर्सनेलिटी, कार्टूनिस्ट और मोटिवेशनल स्पीकर आनंद नीलकंठन, पुरस्कृत ब्रिटिश पत्रकार औरसुपीरियर: द रिटर्न ऑफ़ रेस साइंस सहित चार किताबों की लेखिका एंजेला सैनी, साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित असमी लेखिका और पत्रकार अनुराधा शर्मा पुजारी, तमिल और मलयाली भाषाओँ के जाने-माने लेखक और साहित्य समीक्षक बी. जयमोहन;ब्रिटिश समीक्षक, स्तंभकार औरद रिसेंट कोल्दित्ज़: प्रिज्नर ऑफ़ द कासल के लेखक बेन ममाकिन्त्रे, प्रमुख भारतीय कला इतिहासकार, अकादमिक और लेखक बी.एन. गोस्वामी, पुरस्कृत लेखक और अकादमिक ब्रायन ए. कात्लोस, पुरस्कृत नाटककार, लेखिका और ब्रॉडवे एक्ट्रेस कैथरीन एन जोन्स, पुरस्कृत ऑस्ट्रेलियाई इतिहासकार, लेखिका, ब्रॉडकास्टर एंड पब्लिक कमेंटेटर क्लेयर राइट; जाने-माने यात्रा लेखक और उपन्यासकार कोलिन थुब्रों, नेशनल म्यूजियम ऑफ़ एशियन आर्ट, साउथ एशिया की क्यूरेटर डेबरा डायमंड, क्वाटर लाइफ की नवोदित उपन्यासकार देविका रेगे, द हीट विल किल यू फर्स्ट के कामयाब अमेरिकी लेखक जेरी ब्रोटन, कश्मीर में जन्मी, न्यू यॉर्क में रहने वाली लेखिका और अनुवादक कल्पना रैना, पुरस्कृत किताब पोम्पेइ की लेखिका मैरी बियर्ड, चित्तकोबरा, काठगुलाब और साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित उपन्यास मिलजुल मन की लेखिका मृदुला गर्ग, आर्ची कॉमिक्स पब्लिकेशन की को-फाउंडर और को-सीईओ नैंसी सिल्बेर्केल्ट, द विल्डिंग्स सहित तीन पुरस्कृत उपन्यासों की लेखिका नीलांजना एस. रॉय, पुरस्कृत पत्रकार और इंटरनेशनल बेस्टसेलर्स से नथिंग, एम्पायर ऑफ़ पेन, एंड रोगुएसके लेखक पैट्रिक रेडन कीफ, भारतीय पत्रकार और उपन्यासकार राज कमल झा;47 मानक डॉक्टरेट प्राप्तकर्ता और पद्मश्री, पद्मभूषण व पद्मविभूषण से सम्मानित आर.ए. माशेलकर, द केस फॉर नेचर के लेखक सिद्धार्थ श्रीकांत उड़ीसा हाईकोर्ट के भूतपूर्व चीफ़ जस्टिस और पंजाब व हरियाणा और दिल्ली हाईकोर्ट के जज एस. मुरलीधर, पुरस्कृत इतिहासकार, अनुवादक और ब्रॉडकास्टर टॉम हॉलैंड।

लेखिका, प्रकाशक और जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल की को-डायरेक्टर नमिता गोखले ने कहा,जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल का 2024 संस्करण दुनिया भर के पाठकों के लिए विचारों, किताबों और लेखकोंकी एक प्रत्यक्ष लाइब्रेरी होगा। कल्पना और तथ्य, काव्य और संगीत, बहस और चर्चाएँ आपके स्वागत के लिए तैयार हैं, साथ ही विविध क्षेत्रों से आए वक्ता और कलाकार भी। प्राचीनता और नवीनता को साथ में लिए ये एक अद्भुत संस्करण होगा।

फेस्टिवल के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन ज़रूरी है, श्रोता फेस्टिवल की वेबसाइट से रजिस्टर कर सकते हैं।फेस्टिवल का प्रवेश शुल्क 200 रुपये प्रतिदिन है। फेस्टिवल के एक्सक्लूसिव अनुभव के लिए श्रोता फ्रेंड्स ऑफ़ फेस्टिवल (डेलीगेट) पैकेज खरीद सकते हैं, जिसके तहत आप फेस्टिवल के वक्ताओं के साथ फेस्टिवल लाउन्ज शेयर कर सकते हैं और जयपुर म्यूजिक स्टेज और हैरिटेज इवनिंग का भी लुत्फ़ ले सकते हैं।

# 'रन फॉर आमेर' की दूसरी मैराथन का शुभारंभ

**जयपुर**। अपने आमेर विधानसभा क्षेत्र में पांच दिवसीय रन फॉर आमेर की दूसरी मैराथन का शुभारंभ विधानसभा उपनेता प्रतिपक्ष एवं भाजपा पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया ने रामपुरा मंडल में किया।

रामपुरा मंडल में एन. के. पब्लिक सी.से. स्कूल, सीकर रोड, राजावास के सामने से टांटियावास टोल प्लाजा तक आयोजित की गई मैराथन में हजारों की संख्या में युवाओं ने हिस्सा लिया। जिसमें प्रथम स्थान दिनेश प्रजापत, द्वितीय स्थान सचिन सैनी, तृतीय स्थान राहुल सिंह ने प्राप्त किया।

मैराथन के प्रति आमेर से लेकर राजस्थान के युवाओं में क्रेज बढ़ता जा रहा है। 26 सितम्बर से शुरू हुई पांच दिवसीय मैराथन 28 सितंबर को अचरोल में चंदवाजी स्कूल ग्राउंड पर, 29 सितंबर को जालसू मुख्य स्टैंड से पंचमुखी हनुमान मंदिर तक, 30 सितंबर को आमेर शहर में आयोजित की जायेगी।

# स्मार्ट सिटी परियोजना में प्रदेश को परफॉर्मेंस स्टेट अवॉर्ड

**जयपुर**, (का.सं.)। स्मार्ट सिटी परियोजना में परफॉर्मेंस स्टेट अवॉर्ड श्रेणी में राजस्थान देश में तीसरे स्थान पर रहा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने इन्दौर में इण्डिया स्मार्ट सिटी कॉन्क्लेव 2023 में शासन सचिव, स्वायत्त शासन विभाग कैलाश चन्द मीणा को अवॉर्ड प्रदान किया। इस अवसर पर उनके साथ मुख्य कार्यकारी अधिकारी जयपुर स्मार्ट सिटी राजेन्द्र सिंह शेखावत भी उपस्थित थे।

इन्दौर में आयोजित इण्डिया स्मार्ट सिटी कॉन्क्लेव 2023 में मध्यप्रदेश के राज्यपाल मंगूभाई पटेल, केन्द्रीय शहरी विकास मंत्री हरदीप सिंह पुरी, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चैहान एवं उनके मंत्रीमण्डल के सदस्य, सांसद एवं महापौर उपस्थित थे।

इण्डिया स्मार्ट सिटी अवॉर्ड प्रतियोगिता में उदयपुर स्मार्ट सिटी को नॉर्थ जोन कैटेगरी में प्रथम अवॉर्ड एवं मोबाईल ऐप्लीकेशन अवॉर्ड तथा उदयपुर स्मार्ट सिटी के लिए बेस्ट पार्टनर अवॉर्ड एल एण्ड टी को प्रदान किया गया। यह अवॉर्ड उदयपुर स्मार्ट सिटी मुख्य कार्यकारी अधिकारी अर्पणा गुप्ता, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी कृष्ण पाल सिंह चैहान, एल एण्ड टी के उपाध्यक्ष श्रीधरन, महाप्रबंधक हनमुंगम ने प्राप्त किया।

इण्डिया स्मार्ट सिटी अवॉर्ड प्रतियोगिता की राज्य श्रेणी में मध्यप्रदेश ने प्रथम स्थान, तमिलनाडू ने दूसरा स्थान तथा राजस्थान और उत्तर प्रदेश ने संयुक्त रूप से तीसरा स्थान प्राप्त किया है। प्रतियोगिता की पाँच श्रेणियों के तहत कुल 845 आवेदन प्राप्त हुए, उनमें से 66 फाइनल में पहुँचे, 35 अवॉर्ड प्रोजेक्ट में, 6 अवॉर्ड इनोवेशन में, 13 अवॉर्ड नेशनल/जोनल सिटी में, 5 अवॉर्ड स्टेट/यूटी में और 7 अवॉर्ड पार्टनर श्रेणी में दिये गये। इंदौर में 2 दिवसीय इण्डिया स्मार्ट सिटी कॉन्क्लेव 2023 में यह अवॉर्ड दिया गया है। इस आयोजन में देश की 100 स्मार्ट शहरों ने भाग लिया। इस अवसर पर स्मार्ट सिटी मिशन राजस्थान द्वारा विभिन्न नवाचारों, स्वच्छता, विरासत संरक्षण एवं आधुनिक सुविधाओं के क्षेत्र में किये गये कार्यो का प्रदर्शन किया गया।



**तीये की बैठक**



हमारे पूजनीय **श्री रूपनारायण गुप्ता** (विजयवर्गीय) का देवलोकगमन 26.9.23 को हो गया है। तीये की बैठक 28.9.23 को सायं 5.00 से 6.00 तक महावीर स्कूल सी-स्कीम, जयपुर पर होगी।

**शोकाकुल**- रामनारायण- रूपा (भाई-भाभी) मनमोहन- निर्मला, गोपाल-मंजू, राजेंद्र-ऊषा (अनुज- वधू), ललित (Retd. SE, JVVNL)- शोभा, डॉ राजकुमार- डॉ स्वाति, अशोक (पुत्र-पुत्रवधु) कुसुम- मुकेश (पुत्री- दामाद) सरोज, अनिल- सीमा, अमित-सुलेखा, पंकज- प्रीति (भतीजे- वधु) मयंक- डॉ दिव्या, आदित्य- पल्लवी, अक्षित- ऐश्वर्या (पौत्र- पौत्रवधु) शुचि-ऋचिक, सुरभि- अर्पित, सोनाली (पौत्री-दामाद) अनुपम- अर्शी, अनुराग- मोहिता (दोहिते- वधु) प्रणित, अविक, दिविशा, धृति, ईभान (प्रपौत्र, प्रपौत्री)

9414148001, 9829177240



हमारी पूज्य माताजी मॉजी साहिबा **श्रीमति कमल कुमारी जी** ठिकाणा डिग्गी धर्मपत्नी पूर्व विधायक मालपूरा स्व. ठाकुर नारायण सिंह जी दिनांक 27.09.2023 को देवलोकगमन हो गए है। तीये की बैठक दिनांक 29.09.2023 शुक्रवार शाम 5:00 से 6:00 बजे डिग्गी हाऊस, शिवाजी मार्ग, सी-स्कीम जयपुर पर रखी गई है।

**शोकाकुल**- ठा. राम प्रताप सिंह, कु. रुद्र प्रताप सिंह, कु. राघव प्रताप सिंह


# ठाकुर रामप्रताप सिंह डिग्गी को मातृशोक

**जयपुर**, (का.सं.)। डिग्गी ठिकाने के ठाकुर रामप्रताप सिंह डिग्गी की माताजी कमल कुमारी का बुधवार सुबह करीब 7.30 बजे निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा शाम तीन बजे सी.स्कीम स्थित डिग्गी हाऊस से लालकोठी मोक्षधाम के लिये रवाना हुई जहां उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनकी तीये की बैठक 29 सितम्बर की शाम को डिग्गी हाऊस में रखी गई है। ज्ञात रहे कि स्वर्गीय कमल कुमारी के पति स्व. ठाकुर नारायण सिंह मालपुरा से विधायक रह चुके हैं। वे अपने पीछे एक सुपुत्र ठाकुर रामप्रताप सिंह डिग्गी, एक सुपुत्री संध्या कुमारी और चार नाती-पोते छोड़ गई हैं।


**नाम परिवर्तन**

मैं निशीगंधा अविनाश कोथलकर नं. 15444317P रेंक NK (Nur.Asst) नाम कोथलकर अविनाश एकनाथराव यह मेरे कानूनी रूप से विवाहित पति हैं, वर्तमान में गांव अचलपुर, पोस्ट अचलपुर, तहसील अचलपुर, जिला उमरावती, राज्य महाराष्ट्र पिन-444806 में रहते हैं, मैंने अपना नाम बदल लिया है, निशीगंधा गजाननराव वानखडे से निशीगंधा अविनाश कोथलकर की नोटरी (भारत सरकार) अलवर (राजस्थान) के समक्ष शपथ पत्र संख्या BM038653, Date 18.09.2023 के माध्यम से।

NITU GURJAR D/o Bad Ram Gujar Resident of Vill- Jala ki Chouki, PO-Sendra, Teh- Raipur, Distt- Pali, State - Rajasthan, PIN 306102 have changed my name from NITU GURJAR to NITU GUJAR affidavit no. BL272412 dated 26/09/2023 before Indra Mathur (Notary Public Jaipur)

I have changed my name from Jugal Jain to Jugal Lalit Jain S/o Sh Lalit Jain R/o Plot No.- 83/A, Amrit Nagar, Khejadon Ka Bas, Mansarovar, Jaipur-302029 for future purposes

I have changed My Name Deepa Karmwani to Harsha Address 9/331 Malviya Nagar Jaipur

प्रारूप-10 नियम 6(7) देखिए
कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी नगर पालिका शाहपुरा (जयपुर) राज.
क्रमांक-नपाशा/प्राधि/90-क/2023-24/2223 दिनांक-26.9.23

**लोक सूचना** श्री देशराज मीणा पुत्र श्री रामकिशोर मीणा निवासी ढाणी गोरिया, धनावता तहसील उदयपुरवाटी, श्री हरिराम मीणा पुत्र श्री हनुमानसहाय मीणा, श्री हंसराज शर्मा पुत्र श्री राजेन्द्र कुमार शर्मा निवासी बिदारा शाहपुरा बाबत चाहने राजस्व ग्राम बिदारा तहसील शाहपुरा ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर-कृषिक प्रयोजन (आवासीय) के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात-

जिले सहित तहसील का नाम-शाहपुरा जयपुर, ग्राम का नाम-बिदारा, खसरा नं.-1913/1079, क्षेत्र-1.2570 हैक्टर, कुल रकबा-1.2570 हैक्टर

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1953 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजन के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षर के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।

उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज .... को जारी की जाती है।

प्राधिकृत अधिकारी, नगर पालिका शाहपुरा

**खोया पाया**

मेरा हथरोई गढी गृह निर्माण सहकारी समिति लि. द्वारा जारी प्लॉट नं. जी-17, सरस्वती नगर, मालवीय नगर का साईट प्लॉन दिनांक 26.09.2023 को मेरे निवास 621, जाट के कुए के रास्ते से गणगौरी बाजार के बीच कहीं गिर गया है। मिलने पर सूचित करें। जुगल किशोर 7792994444


# प्रभारी नहीं सहयोगी बनकर आया हूं : जितेंद्र सिंह

**जयपुर**। चुनावी माहौल में भाजपा की लगातार बैठकों का दौर जारी है। इसी दौरान केंद्रीय राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने जयपुर शहर में बैठक ली। बैठक के दौरान जितेंद्र सिंह ने कहा भाजपा हमारे मजबूत संगठन के साथ जनता की समस्या को लेकर जनता से मिलना है और उसको निवारण करने का प्रयास करना है। मैं यहां प्रभारी नहीं बल्कि सहयोगी और समन्वयक बनकर आया हूं। उन्होंने कहा कि केंद्र में शासित भाजपा की सरकार ने देश को नित नई ऊंचाइयों पर ले जाने का कार्य किया है असंभव कार्यों को धारा 370, तीन तलाक, राम मंदिर को संभव बनाया है और वर्तमान में अभी आने वाला 33 प्रतिशत महिला आरक्षण जो निश्चित ही देश को महिलाओं की भागीदारी के साथ देश को और सशक्त बनाएगा। राजस्थान में पिछले साढ़े चार वर्षों से अधिक समय होने के बाद भी कांग्रेस की स्थिति बहुत दयनीय है यहां पिछले 4 वर्षों में हुए भ्रष्टाचार के मामले, महिलाओं पर हुए अत्याचार, युवा, किसान और दलित विरोधी, राज्य में बेरोजगारी की स्थिति और लगातार हो रहे पेपर लीक किसानों से झूठ बोलकर किये गए राहुल गांधी, तुष्टिकरण करने वाली कांग्रेस सरकार जो हिंदू सनातन संस्कृति को खत्म करने की बात करती है। ऐसी कांग्रेस सरकार को 2023 के विधानसभा चुनाव में हम सभी को राजस्थान से हमेशा हमेशा के लिए विदा करना है।


**आम सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य अनीसा बानो पत्नी सत्तार सैफी व सत्तार सैफी पुत्र हाजी घसीटा नि.ए-303संजय नगर भट्टा बस्ती, जयपुर ने अपने पुत्र सलीम खान सैफी व उसकी पत्नी शायना सैफी को मेरे अभिभाष्य को तंग-परेशान करने व कहने में नहीं होने के कारण अपनी चल-अचल सम्पत्ति से आज बेदखल कर दिया है।
दिनांक-27/9/23 बुनियाद मोहम्मद, एडवोकेट राज.हाईकोर्ट, मो.नं. 9829168502

**सूचना**

डॉ.दीपिका अग्रवाल/श्री धन्नालाल जैन का पंजीयन पत्र क्रमांक 24733 नष्ट/गुम हो जाने के कारण डुप्लीकेट पंजीयन पत्र जारी किया जाना प्रस्तावित है। यदि किसी को उक्त पंजीयन पर आपत्ति हो तो बोर्ड कार्यालय को 15 दिन में सूचित करें अन्यथा डुप्लीकेट पंजीयन पत्र जारी कर दिया जावेगा।

रजिस्ट्रार
बोर्ड ऑफ इण्डियन मेडिसिन
राजस्थान, जयपुर

**कार्यालय उप आवासन आयुक्त, वृत्त द्वितीय**
राजस्थान आवासन मण्डल, अग्रवाल फार्म, मानसरोवर, जयपुर
Email Id: dhcjpr2.rhb@rajasthan.gov.in. Phone No. 0141-2782772
क्रमांक-DHC-II/1788 दिनांक-27.09.2023

**जाहिर आम सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा आवास संख्या 80/142 मानसरोवर जयपुर क्षेत्रफल 98.00 वर्गमीटर/वर्गगज का आवंटन श्री गोपाल शरण भार्गव पुत्र श्री जगन्नाथ प्रसाद भार्गव को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 1214 दिनांक 21.06.1996 को जारी किया गया। इनके द्वारा उक्त आवास का भौतिक कब्जा दिनांक 22.07.1996 को प्राप्त कर लिया गया था। इसके पश्चात श्री गोपाल शरण भार्गव की मृत्यु दिनांक 07.05.2018 को हो जाने के कारण इनकी पुत्रियां श्रीमती नैनसी भार्गव, शीना भार्गव एवं आशीबा भार्गव पुत्रिया स्व. श्री गोपाल शरण भार्गव ने मृत्यु पश्चात नाम हस्तान्तरण सम्बन्धी प्रपत्र प्रस्तुत कर उक्त आवास को अपने नाम हस्तान्तरण हेतु निवेदन किया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त वर्णित व्यक्ति/आवेदक श्रीमती नैनसी भार्गव, शीना भार्गव एवं आशीबा भार्गव पुत्रियां स्व. श्री गोपाल शरण भार्गव के पक्ष में उक्त आवास के हस्तान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। उक्त जाहिर आम सूचना उप आवासन आयुक्त महोदय से अनुमोदित है।
सम्पदा प्रबन्धक, वृत्त द्वितीय, जयपुर

**कार्यालय ग्राम पंचायत मण्ढा पं.स. पावटा (जयपुर)**
क्रमांक-ग्रा.पं.म./निविदा/2023-24/112

**ई-निविदा सूचना** दिनांक-21.09.2023

कार्यालय द्वारा ई-निविदा सूचना 2022-23 क्रमांक ग्रा.प.म./निविदा/022-23/109,111 दिनांक 22.09.2023 जो कि http://sppp.rajasthan.gov.in वा www.eproc.rajasthan.gov.in पर अपलोड की गई है। बोली शुल्क, अमानत/धरोहर राशि प्रोसेसिंग फीस व बोली विशिष्ठियां का सम्पूर्ण विवरण वेबसाईट www.eproc.rajasthan.gov.in एवं www.sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है।
UBN NO. ZJP2324WSRC01929, ZJP2324WSRC01930

विवेकान्त शर्मा, ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत मण्ढा, पं.स.पावटा (जयपुर) राज.
विमला, सरपंच, ग्राम पंचायत मण्ढा

**Form No.3 [See Regulation-15(1)(a)]/16(3)**
**DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JAIPUR**
First Floor, Sudharma-II, Lal Kothis Shopping Center, Tonk Road, Jaipur- 302015
Case No.:OA/524/2023

Summons under sub-section (4) of section 19 of the Act, read with sub-rule (2A) of rule 5 of tahe Debt Recovery Tribunal (Procedure) Rules, 1993.

Exh. No.: 10145

**YES BANK VS QUALITY WALAS**

To, (1) Quality Walas D/W/S/O Vipul Bansal through Its Partner Vipul Bansal S/O Shri Kedar Bansal 28 A Gayatri Nagar Sodala Bhagirath Public School, Jaipur, Rajasthan -302019
(2) Mr Vipul Bansal S/o Kedar Bansal 57, Shekhawati Mohalla, Bagru Jaipur, Rajasthan -303007
(3) Shri Kedar Bansal S/o Ratan Lal 57, Shekhawati Mohalla, Bagru Jaipur, Rajasthan -303007
(4) Smt Mamta Bansal W/o Shri Kedar Bansal 57, Shekhawati Mohalla, Bagru, Jaipur, Rajasthan -303007

**SUMMONS**

WHEREAS, OA/524/2023 was listed before Hon'ble Presiding Officer/Registrar on 16.08.2023. WHEREAS this Hon'ble Tribunal is pleased to issue summons/ notice on the said Application under section 19(4) of the Act, (OA) filed against you for recovery of debts of Rs. 2593149 (application along with copies of documents etc. annexed). In accordance with sub-section (4) of section 19 of the Act, you, the defendants are directed as under: (i) to show cause within thirty days of the service of summons as to wly relief prayed for should not be granted; (ii) to disclose particulars of properties or assets other than properties and assets specified by the applicant under serial number 3A of the original application; (iii) you are restrained from dealing with or disposing of secured assets or such other assets and properties disclosed under serial number 3A of the original application, pending hearing and disposal of the application for attachment of properties; (iv) you shall not transfer by way of sale, lease or otherwise, except in the ordinary course of his business any of the assets over which security interest is created and/ or other assets and properties specified or disclosed under serial number 3A of the original application without the prior approval of the Tribunal; (v) you shall be liable to account for the sale proceeds realised by sale of secured assets or other assets and properties in the ordinary course of business and deposit such sale proceeds in the account maintained with the bank or financial institutions holding security interest over such assets. You are also directed to file the written statement with a copy thereof furnished to the applicant and to appear before Registrar on 13.12.2023 at 10:30A.M. failing which the application shall be heard and decided in your absence. Given under my hand and seal of this Tribunal on this date: 22.08.2023

Signature of the Officer Authorised to issue summons.
SEAL
REGISTRAR
DEBTS RECOVERY TRIBUNAL, JAIPUR


# नड्डा-शाह के दौरे से पहले भाजपा मुख्यालय पर हंगामा

■ **भाजपा कार्यकर्ताओं ने मुख्यालय के बाहर दिया धरना**

■ **मौजूदा विधायक बदलने की मांग उठी**

**जयपुर**। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह के दौर के ठीक कुछ घंटे पहले बीजेपी मुख्यालय पर हंगामा हो गया। भाजपा के कई कार्यकर्ताओं ने मौजूदा विधायकों को लेकर नाराजगी जताते हुए उन्हें दोबारा मौका न देने की मांग की। साथ ही किसी नए चेहरे को टिकट देने की पैरवी की।

दरअसल शाह और नड्डा भाजपा की कोर कमेटी और भाजपा के शीर्ष नेताओं से चर्चा के लिए देर शाम जयपुर पहुंचेंगे। इस दौरान वे भाजपा मुख्यालय में कोर कमेटी से जुड़े पदाधिकारियों संग टिकटों, चुनाव मैनजमेंट और चुनाव प्रचार को लेकर चर्चा करेंगे लेकिन इस बैठक से पहले अजमेर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र से आए 100 से ज्यादा भाजपा कार्यकर्ता मुख्यालय पहुंचे और धरने पर बैठ गए। कार्यकर्ताओं ने विधायक के खिलाफ नारेबाजी की और चेहरा बदलने के साथ नए को मौका देने की मांग की। कार्यकर्ताओं का आरोप है कि विधायक के दो-तीन बार जीतने के बाद भी क्षेत्र में ऐसा कोई विकास का काम नहीं हुआ, जिसके नाम पर हम जनता के बीच जाकर वोट मांग सके। कार्यकर्ताओं ने विधायक अनिता भदेल पर बदसलूकी करने के भी आरोप लगाए। इस मुद्दे पर कार्यकर्ताओं ने मुख्यालय के अंदर जाकर प्रदेशाध्यक्ष को ज्ञापन भी दिया।


**कार्यालय उप आवासन आयुक्त, वृत्त द्वितीय**
राजस्थान आवासन मण्डल, अग्रवाल फार्म, मानसरोवर, जयपुर
Email Id: dhcjpr2.rhb@rajasthan.gov.in. Phone No. 0141-2782772
क्रमांक-DHC-II/1792 दिनांक-27.09.2023

**जाहिर आम सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा फ्लैट संख्या 81/बी-204 मानसरोवर जयपुर क्षेत्रफल 41.60 वर्गमीटर/वर्गगज का आवंटन श्री गौतम लाल मीणा पुत्र श्री चतरा मीणा को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 3212 दिनांक 01.01.2021 एवं संशोधित आवंटन पत्र क्रमांक 4594 दिनांक 31.03.2021 को जारी किया गया। इनके द्वारा उक्त फ्लैट का भौतिक कब्जा दिनांक 06.01.2021 को प्राप्त कर लिया गया था। इसके पश्चात राजस्थान आवासन मण्डल के पत्र क्रमांक 98 दिनांक 10.06.2021 के द्वारा श्री गौतम लाल मीणा पुत्र श्री चतरा मीणा के नाम अदेय प्रमाण पत्र जारी कर दिया गया। इसके पश्चात श्री गौतम लाल मीणा की मृत्यु दिनांक 19.05.2021 को हो जाने के कारण इनकी पत्नी श्रीमती हीरा बाई पत्नी स्व. श्री गौतम लाल मीणा ने मृत्यु पश्चात नाम हस्तान्तरण सम्बन्धी प्रपत्र प्रस्तुत कर उक्त फ्लैट को अपने नाम हस्तान्तरण हेतु निवेदन किया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त वर्णित व्यक्ति/आवेदक श्रीमती हीराबाई पत्नी स्व. श्री गौतम लाल मीणा के पक्ष में उक्त भूखण्ड के हस्तान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। उक्त जाहिर आम सूचना उप आवासन आयुक्त महोदय से अनुमोदित है।
सम्पदा प्रबन्धक, वृत्त द्वितीय, जयपुर

**कार्यालय उप आवासन आयुक्त, वृत्त द्वितीय**
राजस्थान आवासन मण्डल, अग्रवाल फार्म, मानसरोवर, जयपुर
Email Id: dhcjpr2.rhb@rajasthan.gov.in. Phone No. 0141-2782772
क्रमांक-DHC-II/1787 दिनांक-27.09.2023

**जाहिर आम सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा आवास संख्या 35/26 मानसरोवर जयपुर क्षेत्रफल 102.550 वर्गमीटर/वर्गगज का आवंटन श्री प्रेम चन्द लोढ़ा पुत्र श्री जीतमल लोढ़ा को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 1195 दिनांक 03.02.1986 को जारी किया गया। इनके द्वारा उक्त आवास का भौतिक कब्जा दिनांक 09.07.1986 को प्राप्त कर लिया गया था। इसके पश्चात राजस्थान आवासन मण्डल के पत्र क्रमांक 410 दिनांक 28.12.2014 के द्वारा श्रीमती फुलवती देवी पत्नी श्री सोहन लाल गुप्ता के नाम नियमितिकरण पत्र जारी कर दिया गया। इनके द्वारा अपने स्वयं के पक्ष में उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर में दिनांक 31.12.1994 को करवाया गया। इसके पश्चात श्रीमती फुलवती देवी की मृत्यु दिनांक 17.04.2018 को हो जाने के कारण इनके पति श्री सोहन लाल गुप्ता पुत्र श्री घीसाराम वैश्य ने मृत्यु पश्चात नाम हस्तान्तरण सम्बन्धी प्रपत्र एवं पंजीकृत हकत्याग प्रपत्र प्रस्तुत कर उक्त आवास को अपने नाम हस्तान्तरण हेतु निवेदन किया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त वर्णित व्यक्ति/आवेदक श्री सोहन लाल गुप्ता पुत्र श्री घीसाराम वैश्य के पक्ष में उक्त आवास के हस्तान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। उक्त जाहिर आम सूचना उप आवासन आयुक्त महोदय से अनुमोदित है।
सम्पदा प्रबन्धक, वृत्त द्वितीय, जयपुर

**कार्यालय उप आवासन आयुक्त, वृत्त द्वितीय**
राजस्थान आवासन मण्डल, अग्रवाल फार्म, मानसरोवर, जयपुर
Email Id: dhcjpr2.rhb@rajasthan.gov.in. Phone No. 0141-2782772
क्रमांक-DHC-II/1795 दिनांक-27.09.2023

**जाहिर आम सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा वाणिज्यिक भूखण्ड संख्या 19, सेक्टर 4 रजत पथ, मानसरोवर जयपुर क्षेत्रफल 6.4125 वर्गमीटर/वर्गगज का आवंटन श्री ओमप्रकाश नाटानी पुत्र श्री मुरलीधर नाटानी को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 240 दिनांक 16.08.1999 एवं संशोधित आवंटन पत्र क्रमांक 298 दिनांक 18..09.1999 को जारी किया गया। इनके द्वारा उक्त भूखण्ड का भौतिक कब्जा दिनांक 22.10.1999 को प्राप्त कर लिया गया था। राजस्थान आवासन मण्डल के पत्र क्रमांक 1137 दिनांक 30.05.2005 के द्वारा श्री सत्यनारायण गुप्ता पुत्र श्री रामकुमार गुप्ता के नाम नियमितिकरण पत्र जारी कर दिया गया। इनके द्वारा अपने स्वयं के पक्ष में उक्त भूखण्ड के पंजीयन प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर में दिनांक 04.06.2005 को करवाया गया। इसके पश्चात श्री सत्यनारायण गुप्ता की मृत्यु दिनांक 16.05.2021को हो जाने के कारण इनके पुत्र श्री धर्मेन्द्र कुमार अग्रवाल पुत्र स्व. श्री सत्यनारायण गुप्ता ने मृत्यु पश्चात नाम हस्तान्तरण सम्बन्धी प्रपत्र एवं पंजीकृत हकत्याग प्रपत्र प्रस्तुत कर उक्त भूखण्ड को अपने नाम हस्तान्तरण हेतु निवेदन किया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त वर्णित व्यक्ति/आवेदक श्री धर्मेन्द्र कुमार अग्रवाल पुत्र स्व. श्री सत्यनारायण गुप्ता के पक्ष में उक्त भूखण्ड के हस्तान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। उक्त जाहिर आम सूचना उप आवासन आयुक्त महोदय से अनुमोदित है।
सम्पदा प्रबन्धक, वृत्त द्वितीय, जयपुर

**नम्बर मिलाइए 9587884433**



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।